सेन्ट मोन्टफेर्ट विद्यालय में ईस्टर महोत्सव

18 अप्रैल ! सेन्ट मोन्टफेर्ट विद्यालय पटेल नगर में ईस्टर महोत्सव में प्रभु ईसा का प्रादुर्भाव की कीनी का त्योहार मनाया गया । जिसमें कक्षा 10ड़ी के विद्यार्थियों ने विद्यालय की प्रार्थना–सभा में प्रभु ईसा – मसीह के अंत में गुड़ –फ्राइडे के रूप में बताते हुए संसार की आवश्यकता के लिए उनके पुनः धरती पर अवतरित होने की कहानी को नृत्य – नाटिका के रूप में प्रस्तूति दी । इस अवसर पर प्राचार्य ब्रदर एलेक्स ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि गुड़ फ्राइडे अंत है तो ईस्टर आशा है, शुरूवात है, आरंभ है, सकारात्मक सोच की । नकारात्मक विचारों पर सकारात्मक विचार की विजय है और इसी कारण प्रभु येशु संसार को पुनः अच्छे विचार देने के लिए पुर्नजीवित हुए । धरती के लोगों को जाग्रत करने के लिए । कार्यक्रम में विद्यालय के उपप्राचार्य ब्रदर विलियम , सिस्टर एनलीट सिस्टर निकिता , शिक्षकगण व छात्र–छात्राएँ उपस्थित थे।